## खबर संक्षेप

### शिक्षिका से छेड़छाड़, प्राचार्य को पुलिस ने लिया हिरासत में



**जशपुर।** जिले में एक सरकारी हाई स्कूल की शिक्षिका तथा अन्य महिला कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्राचार्य सुधीर कुमार को हिरासत में ले लिया है। बगीचा थाना में शुक्रवार को दोनों पीड़ितों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी संतलाल आयाम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बिमड़ा हाई स्कूल पहुंच कर आरोपी प्राचार्य को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जप्त कर उसके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिपं अध्यक्ष ने किया हाईस्कूल पहुंच मार्ग का भूमिपूजन



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत 90.10 लाख रुपये की लागत से एनएच-43 से चेटबा हाईस्कूल तक जाने वाले 01 किमी लंबाई की डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक सुविधा मिलेगी। विशेषकर चेटबा हाईस्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आने-जाने में अब आसानी होगी। इस अवसर पर सुनील गुप्ता, आलोक सारथी, जनपद सदस्य अटल बिहारी साय, सरपंच सारिका पैंकरा सहित उपसरपंच, पंच, ग्रामवासी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### 16 हजार कर्मचारी रहे हड़ताल पर

# जिले के 22 विभागों में कामकाज ठप



शुक्रवार को हड़ताल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के 22 विभागों में शुक्रवार 22 अगस्त को कामकाज बंद रहा। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन से संबद्ध सभी संस्था के लगभग 16 हजार कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद कलमबंद हड़ताल पर थे। जिले में लगभग सभी 22 विभागों में कम नहीं हो सका है। जिले के 7 हजार शिक्षकों ने भी हड़ताल में भाग लिया जिससे जिले के सभी स्कूलों में बच्चो की। पढ़ाई बाधित हुई है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार 22 अगस्त को जशपुर जिला मुख्यालय हड़ताली कर्मचारियों की हुंकार से गूंज उठा। सुबह से ही रणजीता स्टेडियम के पास हजारों सरकारी कर्मचारियों से भर गया। गगनभेदी नारों के बीच कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, लड़ाई जारी रहेगी यही तेवर दिखे आंदोलन में। शिक्षकों से लेकर स्वास्थ्यकर्मियों तक, राजस्व अमले से लेकर नगरीय निकाय कर्मचारियों तक हर विभाग के कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल रहे। हड़ताली कर्मचारियों ने कलेक्टर को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारियों ने साफ कहा कि अब टालमटोल नहीं, निर्णय चाहिए। संघ की मांग है कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता और 2019 से लंबित एरियर का भुगतान,पिंगुआ कमेटी रिपोर्ट सार्वजनिक कर वेतन विसंगति दूर करना, चार स्तरीय पदोन्नति (8, 16, 24, 32 वर्ष) लागू करना, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीमा समाप्त करना, संविदा, दैनिक वेतनभोगी व कार्यभारित कर्मचारियों का नियमितीकरण, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना इसक साथ ही और अन्य मांग के संबंध में एक दिवसीय आंदोलन पर रहे।



### फेडरेशन की चेतावनी

फेडरेशन के जिला संयोजक संतोष टांडे और अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी अगर सरकार ने अब भी अनदेखी की तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी उग्र रूप लेगा। जिम्मेदार खुद सरकार होगी। धरना को मुख्य रुप से कर्मचारी नेता टीपी कुश्वाहा,राजेश अबंष्ट सहित अन्य नेताओं ने भी संबोद्धित किया। इस आंदोलन को 120 संगठनों के समर्थन प्राप्त था।

### सरकारी कार्यालय रहे सूने

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की शुक्रवार को हुई हड़ताल का जशपुर जिले में व्यापक असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय समेत सभी विकासखंडों के अधिकांश सरकारी कार्यालय पूरे दिन खाली-खाली नजर आए। कर्मचारी धरना-प्रदर्शन और रैली में शामिल रहे, जिससे आम जनता के कामकाज पर सीधा असर पड़ा। राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, नगरीय निकाय सहित लगभग सभी विभागों के दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। केवल आपात सेवाओं को छोड़ बाकी सभी कामकाज ठप रहे।फेडरेशन पदाधिकारियों ने साफ कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, इसी तरह का आंदोलन जारी रहेगा।

### रैली के रूप में कलेक्ट्रेट जाकर ज्ञापन सौंपा

धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल में आए जिले भर के कर्मचारियों ने रैली के रूप में कतारबद्ध होकर नारे लगाते हुए केकलेक्ट्रेट पहुंच ज्ञापन सौंपा है।

# ढाबे पर खूनी वारदात, कोर्ट ने आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ ट्रक के खलासी ने सहकर्मी ड्राइवर को व्हील पाना से उतारा था मौत के घाट

कुनकुरी जिला न्यायालय (जशपुर) में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलराम कुमार देवांगन ने एक सनसनीखेज हत्याकांड पर बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपी खिलानंद सिंह उर्फ राजू उर्फ टेढ़ू उम्र 30 वर्ष, निवासी बरबसपुर, जिला सूरजपुर को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इस पूरे प्रकरण में अपर लोक अभियोजक श्रीमती पुष्पा सिंह ने अदालत में प्रभावी ढंग से पक्ष रखा।

उन्होंने गवाहों की गवाही, मेडिकल रिपोर्ट और जब्त सबूतों को तार्किक ढंग से न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया।यह वारदात 8 दिसंबर 2022 की रात 7:30 बजे की है। जशपुर जिले के लावाकेरा बार्डर ढाबा के पास तीन ट्रक खड़े थे। ड्राइवर और खलासी ट्रक के भीतर गैस चूल्हे पर खाना बना रहे थे। इसी दौरान अचानक आरोपी खलासी खिलानंद सिंह ने अपने ही ड्राइवर आशिक अली पर हमला बोल दिया। आरोपी ने ट्रक से लोहे का भारी व्हील पाना उठाया और आशिक अली के सिर और चेहरे पर लगातार 2–3 वार किए। कुछ ही पलों में आशिक अली लहूलुहान होकर बेहोश हो गया और ढाबा किनारे सन्नाटा छा गया।

### जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहा आशिक अली

गंभीर रूप से घायल आशिक अली को साथी ड्राइवरों ने उसी ट्रक से तलसरा (उड़ीसा) अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे सुंदरगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने बताया कि चोट इतनी गहरी थी कि उसे बचाना मुश्किल है। आखिरकार, उसी रात करीब 11 बजे आशिक अली ने दम तोड़ दिया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोली हत्या की सच्चाई

सुंदरगढ़ जिला अस्पताल से आई एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि मौत सिर पर गहरी चोट के कारण हुई। जांच में मौके से बरामद खून से सना व्हील पाना, ड्राइवर सीट कवर, रक्त, बाल और नाखून जैसे सबूत अदालत में पेश किए गए। अदालत ने कहा कि यह सबूत इस बात को पुख्ता करते हैं कि हत्या योजनाबद्ध और जानबूझकर की गई।

### कैद के साथ 1 हजार रुपए जुर्माना

इस आधार पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यदि वह 1 हजार का जुर्माना नहीं भरता है तो उसे अतिरिक्त 6 माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त खिलानंद सिंह 17 अप्रैल 2023 से जेल में न्यायिक अभिरक्षा में है और अब तक 2 वर्ष 4 माह 2 दिन कैद भुगत चुका है। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अवधि को उसकी सजा में समायोजित किया जाएगा।

### ड्रायवर ने दी गवाही

इस पूरे कांड का सबसे अहम गवाह ट्रक ड्राइवर शमशेर आलम था। अदालत में उसने कांपती आवाज़ में कहा –मैंने अपनी आंखों से देखा कि खिलानंद सिंह बार-बार आशिक अली के सिर और चेहरे पर पाना से वार कर रहा था। खून तेजी से बह रहा था यह दृश्य रोंगटे खड़े करने वाला था। मैं दौड़कर ढाबा मालिक और दूसरे ड्राइवरों को बुलाने गया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया।

### कठोर सजा का ऐलान

अदालत ने कहा –सहकर्मी की नृशंस हत्या समाज और कानून के लिए गंभीर चुनौती है। आरोपी ने जिस बर्बरता से हमला किया, वह क्षम्य नहीं। न्याय सुनिश्चित करने के लिए कठोर दंड ही उचित है।

### पीड़ित परिवार को मिलेगा प्रतिकर

अदालत ने मृतक आशिक अली के भाई शेरे अली को धारा 357(ए) दं.प्र.सं. के तहत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना से आर्थिक सहायता दिलाने का आदेश दिया। इसके लिए निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर को भेजे गए।




22 Aug- JASH-CORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 8/22/2025 8:02 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल में दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में 22 और 23 अगस्त को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 17 डीएवी एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे,आयोजन का उद्घाटन समारोह 22 अगस्त को सुबह 10 बजे होगा, इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महाप्रबंधक व चेयरमैन डीएवी स्कूल बिश्रामपुर डॉ संजय कुमार सिंह होंगे,वहीं समापन समारोह 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा,खेलकूद स्पर्धा में डीएवी पब्लिक स्कूल, झिलिमिली पांडवपारा,डीएवी पब्लिक स्कूल भटगांव, चिरमिरी,डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल तिलसिंवा, साकरिया, जमडी, प्रेमनगर, पतरातु,भंवरमाल, कनकनगर, बगीचा, कछौद, कांसाबेल, पंडरीपानी, ओड़गी एवं डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर की टीम हिस्सा लेंगी। इस स्पोर्ट्स मीट में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस और कई अन्य खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी, डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर प्रबंधन ने इस आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की हैं।

### मजदूर कांग्रेस ने जीडीसी परीक्षा के लिए पीसीपीओ को सौंपा ज्ञापन



**बिश्रामपुर।** ट्रैक मेंटेनर की जीडीसी चयन परीक्षा के लिए मजदूर कांग्रेस के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण से मुलाकात कर अपने बातों को रखा,बिलासपुर जोन के साथ नागपुर,रायपुर बिलासपुर के सैकड़ों ट्रैक मेंटेनर ने पिछले दिनो महत्वपूर्ण बैठक कर जीडीसी परीक्षा में हो रहे देरी से महामंत्री को अवगत कराया,साथ ही ट्रैक मेंटेनर की अन्य कई समस्याओं पर चर्चा की,रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मिडिया प्रभारी व जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव व करंजी शाखा सचिव पप्पू सिंह ने बताया की ट्रैक मेंटेनर की समस्याओं के निराकरण के लिए इस बैठक में महामंत्री मजदूर कांग्रेस पीतांबर लक्ष्मी नारायण स्वयं नागपुर से बिलासपुर विशेष रूप से पहुंचे थे।सभा में उपस्थित सभी ट्रैक मेंटेनेर ने जीडीसी परीक्षा के लिए एक स्वर में मांग की जिस पर महामंत्री ने विषय को संज्ञान में लेते हुए उक्त सम्बन्ध में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पीसीपीओ बिलासपुर से मुलाकात कर उनसे चर्चा की और ट्रैक मेंटेनर द्वारा दिए गये प्रपत्र,डोजियर को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी को उपलब्ध कराया गया है,बताया गया कि पीसीपीओ बिलासपुर ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए कहा है,प्राप्त जानकारी अनुसार शीघ्र ही जीडीसी की परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा।इस बैठक में मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी,जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण,जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइ,बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री ,नागपुर मंडल समन्वयक इंदल दमेह,जोनल कार्यकारी अध्यक्ष रवि धल ,संयुक्त महामंत्री बी कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष साईं किरण,अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री शुभम उपाध्याय,अर्बन बैंक डायरेक्टर आरके यादव उपस्थित थे।

### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर के अंधरुआ में रुद्र महाराज के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ जिसमें कथा के पांचवे दिन पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम शामिल हुए। कथा 16 से 22 अगस्त तक चलेगा। दोपहर 2 बजे प्रारंभ होकर 6 बजे आरती होती है। कान्हा का छठी कार्यक्रम है जिसमें भक्तों की भीड़ काफी ज्यादा होता है। कथावाचक विनय कांत त्रिपाठी के कथा का पूर्व मंत्री समेत सभी भक्तों ने आनंद उठाया और जगत के पालनहार भगवान कृष्ण कन्हैया लाल से क्षेत्र की सुख समृद्धि का कामना की। इस दौरान रामविकाश पटेल, इंद्रदेव पाण्डेय, सचिन वर्मा, नेहरू पटेल, उदय वर्मा, विश्वजीत पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पानी में गई बछिया को निकालने के दौरान डूबकर युवक की मौत

**वाड्रफनगर।** तालाब में गई बछिया को निकालने के दौरान डूबकर युवक की मौत हो गई। युवक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम बरतीकला निवासी 19 वर्षीय चैन कुमार सारथी आ. रामप्यारे सारथी की बछिया पंचायत भवन के समीप स्थित तालाब में चली गई थी। बछिया गहरे पानी में थी जिससे युवक को उसके डूबने की आशंका हुई जिसके बाद युवक खुद बछिया को बाहर निकालने के लिए तालाब में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने युवक को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 6 साल पूर्व नैक पीयर टीम ने निरीक्षण में दिया था सी ग्रेड

# नैक निरीक्षण के लिए कॉलेजों को प्रेरित करने वाला विवि स्वयं के निरीक्षण को लेकर उदासीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग के महाविद्यालयों को नैक निरीक्षण के लिए प्रेरित करने वाला संत गहिरा गुरू विवि अभी तक विवि का निरीक्षण नहीं करा सका है। विवि प्रशासन द्वारा नैक निरीक्षण को लेकर अभी तक कोई तैयारी भी प्रारंभ नहीं की गई है। ऐसे में निकट भविष्य में विवि का नैक निरीक्षण होने की संभावना भी नहीं है।

**खास बात**

■ निरीक्षण में मिली कमियों को दूर करने नहीं हुई पहल

उच्च शिक्षा विभाग ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए निर्धारित समय में नैक निरीक्षण को आवश्यक निर्धारित किया है। नैक निरीक्षण के लिए विभाग ने विश्व विद्यालयों को नोडल एजेंसी तय किया है वहीं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उच्च शिक्षा संस्थानों को नियमित मार्ग दर्शन दे रहे हैं। नैक निरीक्षण से संस्थानों को कोई तात्कालिक आर्थिक लाभ नहीं मिलता है लेकिन नैक पीयर टीम उच्च शैक्षणिक संस्थानों की शिक्षण व्यवस्था नवाचार, शोध कार्य, प्रयोगशाला, पुस्तकालय सहित अन्य शैक्षिक एवं अशैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा करती है तथा कमियों को उजागर कर सुधार के लिए प्रेरित करती है। शैक्षिक संस्थान नैक द्वारा बताई गई कमियों को दूर करने के साथ आगामी निरीक्षण के लिए अपने शैक्षिक गुणवत्ता को बनाए रखते है। नैक द्वारा दी गई ग्रेडिंग के आधार पर संबंधित संस्थान की पहचान बनती है। एसजीजीयू शासन के निर्देश पर परिपालन में अपने संबद्ध महाविद्यालयों को नैक निरीक्षण के लिए नियमित मार्गदर्शन देने के साथ ही उन्हें नैक निरीक्षण के लिए तैयार भी कर रहा है लेकिन अधिकारी विवि के नैक निरीक्षण को लेकर उदासीन नजर आ रहे है। वर्ष 2008 में स्थापना के बाद तत्कालीन कुलपति डॉ.रोहिणी प्रसाद की पहल पर नैक पीयर टीम ने पहली बार वर्ष 2019 में एसजीजीयू का नैक निरीक्षण किया था। प्रथम निरीक्षण में नैक द्वारा एसजीजीयू को सी ग्रेड प्रदान किया गया था। विवि के अधिकारी विवि के शैशवकाल में होने एवं निरीक्षण की तैयारियों का अनुभव नहीं होने को ग्रेडिंग में पिछड़ने का कारण मान रहे थे। तब एसजीजीयू के भकुरा परिसर में भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी। अधिकारी निकट भविष्य में भवन की समस्या समाप्त होने एवं निकट भविष्य में विवि के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों का संचालन स्वयं के भवन में होने का आश्वासन भी टीम को दिया था। नैक निरीक्षण हुए 6 साल हो गए लेकिन विवि द्वारा अभी तक इस संबंध में कोई पहल प्रारंभ नहीं की गई है।




#### नहीं बढ़ी सुविधाएं

निरीक्षण के उपरांत नैक ने विवि प्रबंधन को भवन, शैक्षणिक विभागों में फैकल्टी, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, उपकरण, नियमित कर्मचारियों सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की कमियां बताई थी। भवन, फैकल्टी नियमित कर्मचारियों की भर्ती एवं पदस्थापना विश्वविद्यालय के बस में नहीं है। फैकल्टी एवं कर्मचारी की नियुक्ति शासन की स्वीकृति के बिना संभव नहीं है। विवि द्वारा पुस्तकालय के लिए लाखों की पुस्तकें खरीदी गई हैं लेकिन भवन के अभाव में पुस्तकें गोदाम की शोभा बढ़ा रही है। राशि के अभाव में भवनों का निर्माण अवरूद्ध हो गया है। पूर्व के निरीक्षण के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज एसजीजीयू शैक्षणिक विभाग अंतर्गत लखनपुर में दाल के भवन में संचालित हो रहा था। अब इंजीनियरिंग कॉलेज तकनीकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित हो रहा है। विवि के शैक्षणिक विभागों की स्थिति में अब तक कोई बदलाव नहीं हो सका है।

#### समन्वय की कमी

एसजीजीयू के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय की कमी विकास में बड़ी बाधा साबित हो रही है। स्थापना के बाद बीच के कुछ समय को छोड़ दें तो समन्वय की कमी एवं आपसी विवाद को लेकर विवि प्रारंभ से चर्चा में रहा है। समन्वय के अभाव में वरिष्ठ अधिकारी महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर आपस में चर्चा तक नहीं करते। पूर्व के अधिकारियों के बीच लम्बे समय तक शिकवा-शिकायत का दौर भी चला है। इस तरह की गतिविधियां विवि के विकास में बाधा बनी हैं।

#### नहीं है मूलभूत सुविधाएं

हमारे पास न तो कैंपस है न ही बैठक के लिए सभाकक्ष । अभी भकुरा परिसर में मेरे बैठने की भी व्यवस्था नहीं हुई है। यूटीडी के विभाग शासकीय भवन के तीन जर्जर कमरों में संचालित हैं। नैक निरीक्षण में दिखाने योग्य हमारे पास आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। निरीक्षण में विवि को मिले ग्रेड में भी सुधार होने की संभावना नहीं है। संसाधन विकसित करने के उपरांत निरीक्षण के लिए नैक टीम को आमंत्रित किया जाएगा।

-प्रो.पीपी सिंह, कुलपति, एसजीजीयू



## संगठित समाज ही बढ़ता है आगे : देवनारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सर्व यादव समाज के संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव के मुख्य अतिथि में जिला स्तरीय कृष्ण जन्म अष्टमी पूजा का आयोजन मैनपाट में किया गया जहां जिले भर से हजारों के संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। इसी बीच बाइक एवं चार पहिया वाहनों की मैनपाट में रैली निकाली गई साथ ही पूरी रात भजन प्रस्तुत किया गया।

■ हम सब कृष्ण भगवान के वंशज है जो सौभाग्य की बात है

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष एवं सर्व यादव समाज के संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव ने कहा कि हमें गर्व है कि हम यदु कुल में जन्म लिए है। हम सब भगवान कृष्ण के वंशज है। जो समाज आज संगठित है वही समाज हर स्तर पर आगे बढ़ता है। राजनीति, सामाजिक, आर्थिक सहित सभी क्षेत्र में हम सब को संगठित रहना जरूरी है। कृष्णा जन्मोत्सव के अवर पर सर्व यादव समाज द्वारा मैनपाठ में विधानसभा स्तरीय बाइक रैली का आयोजन किया गया। कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम हर्षोल्लास के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। क्षेत्रीय विधायक सीतापुर रामकुमार टोप्पो, देवनारायण यादव, जमुना यादव, शिवनाथ यादव, राम यादव द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का पूजा अर्चना कर शुरूआत किया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता सबसे ज्यादा आकर्षक रहा। युवाओं की टोलियों ने मटकी फोड़ने का प्रयास करते रहे। मटका फोड़ में प्रथम इनाम 21 हजार, द्वितीय 11 हजार व तृतीय 51 सौ रखा गया था। प्रथम स्थान सीतापुर, द्वितीय स्थान इनाम सपनादर व तृतीय स्थान महिला टीम दिव्या एवं साथी सीतापुर ने हासिल किया। पुरस्कार विधायक सीतापुर रामकुमार टोप्पो द्वारा दिया गया। इस दौरान अनीश यादव, अटल यादव, गणेश यादव, रामेश्वर यादव, संतोष यादव, रामचंद्र यादव, राजाराम यादव, ओंकार नाथ यादव, शिव शंकर यादव, इंद्रजीत यादव, बालनाथ यादव, बाली यादव, जेठू यादव, गणेश यादव, महेश यादव, सुग्रीव यादव, गुलाब यादव, पारस यादव, मनोज यादव, रमेश यादव, सत्येंद्र यादव, शिवकुमार यादव सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु ओड़गी विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**ओड़गी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह कार्यक्रम 19 अगस्त से 15 सितम्बर तक जिले के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में चलाया जाएगा। ब्लॉक ओडगी में इसका शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओडगी से हुआ। मुख्य प्रशिक्षक महिला पर्यवेक्षक श्रीमती रोशनी पटले ने छात्राओं को न केवल आत्मरक्षा बल्कि जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के अंतर्गत बालिकाओं को यह बताया गया कि उन्हें सुरक्षित वातावरण, शिक्षा प्राप्त करने, अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने और भेदभाव से मुक्त जीवन जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही उन्हें प्रमुख कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया कि पोस्को एक्ट अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है और प्रत्येक मामले में त्वरित न्याय सुनिश्चित करता है। छात्राओं को यह स्पष्ट किया गया कि यदि कभी उनके अधिकारों का उल्लंघन होता है तो शिकायत करने और न्याय पाने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध हैं। बालिकाओं को विद्यालय, घर और समाज में सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। उन्हें आत्म-सुरक्षा तकनीकों के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा और सोशल मीडिया पर सावधानी रखने की जानकारी दी गई। शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल हेतु स्वच्छता, संतुलित आहार, व्यायाम और समय पर स्वास्थ्य जांच की महत्ता समझाई गई। किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी गई। स्वच्छता, पोषण और नशा-मुक्त जीवन पर विशेष बल दिया गया। छात्राओं को तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास बढ़ाने और सकारात्मक सोच अपनाने के उपाय बताए गए। उन्हें यह संदेश दिया गया कि मानसिक रूप से मजबूत रहना जीवन की हर चुनौती का सामना करने के लिए सबसे जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्राएं और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उज्जवल युवा क्लब ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नगर के गांधी मैदान में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का विशाल आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 25 फीट की ऊंचाई पर बांधे गए मटका को ग्राम पीपरोल के उज्जवल युवा क्लब द्वारा फोड़ा गया। जिन्हें 18 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे मटकी फोड़ने तक रोमांचकारी मटकी फोड़ प्रतियोगिता को देखने डटे रहे।

विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष जस्सू केसरी के नेतृत्व में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने आयोजन की जमकर सराहना की। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित करना, एकजुट करना और हिंदू धर्म की सेवा और रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पूरे जिले में कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है। आयोजक जस्सू केसरी ने कहा कि विगत कई वर्षों से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता रहा है। आयोजन में लोगों की उमड़ने वाली भीड़ हमारे कार्यक्रम की सफलता का परिचायक है।

श्री केसरी ने बताया कि आयोजन को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जारी थी पूरे गांधी मैदान को भव्य रूप से सजाया गया था एवं मटकी फोड़ सुरक्षात्मक तरीके से संपन्न हो इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। रात्रि 1 बजे के करीब 5 घंटे के मशक्कत के बाद ही मटकी फोड़ा जा सका मटकी फोड़ प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया गया था।

#### बंशीपुर की टीम ने मटका फोड़ कर जीता विजेता का खिताब

करवां। कान्हा युवा मंच द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर करवां सरकारी पारा दशहरा मैदान में दही-हंडी मटका फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। मैदान में सुबह से ही उत्साह और रोमांच का माहौल देखने को मिला। बंशीपुर की टीम ने मटका फोड़ प्रतियोगिता अपने नाम की। कार्यक्रम का शुभारंभ भटगांव के पूर्व विधायक श्री पारसनाथ राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में भगवान श्री कृष्ण के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि श्री राजवाड़े ने क्षेत्र वासियों को प्रेम और स्नेह सत्य की जीत का प्रतीक कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन अब हमें ग्रामीण स्तरों पर भी देखने को मिल रहा है जिसमे पूरे टीम की एकता बल से हम किसी भी लक्ष्य को भेद कर सकते हैं। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव एवं बाल लीलाओं का वर्णन कर सभी को सत्कर्म करने का संदेश दिया।



प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए चार टीमे बंशीपुर, सिलफिली, मदनपुर, बुंदिया के युवाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बंशीपुर की टीम ने मटका फोड़ कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। आयोजन समिति द्वारा विजेता टीम को 5100 नगद इनाम प्रदान किया गया। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष अरुण सिंह, लुकेश जायसवाल, चंद्र देव, अरविंद दुबे, दिल साय, देव, ध्रुव, लव, सूरज, निलेश सहित समिति के अन्य सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पार्षद निधि से खरीदे गए दर्जनों बेंच का नहीं हुआ उपयोग, कबाड़ में हो रहे तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में पिछले कार्यकाल में काफी संख्या में खरीदी गईं स्टील व लोहे की बेंच आज पर्यंत उपयोग में नहीं लाई जा सकी हैं। अब भी बड़ी संख्या में बेंच नगर के आरटीआई कॉलोनी स्थित एसएलआरएम सेंटर में रखी हुई हैं जो खस्ताहाल में पड़े रह जाने से बिना उपयोग के ही धीरे धीरे में कबाड़ में तब्दील हो रही है।गौरतलब है कि नगर पंचायत के पिछले कार्यकाल में पार्षद निधी से बड़ी संख्या में स्टील व लोहे के बेंच की खरीदी हुई, इसमें मनमाने तरीके से सामान्य मार्केट दर की तुलना में कई गुना अधिक दर पर स्टील बेंच की खरीदी की गई और इसको मात्र कुछ ही गिने चुने जगहों पर लगवाकर इस कार्य की दस्तावेजों में खानापूर्ति कर दी गई,जबकि इसे निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों अंतर्गत जरुरत की जगहों पर स्थापित किया जाना था जिससे कि वार्ड वासी इसका लाभ ले सकें, लेकिन कई कामों की तरह बेंच सप्लाई कार्य भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सूत्रों ने बताया कि अगर स्टील बेंच खरीदी की बारीकी से जांच हो तो बड़ा घोटाला सामने आएगा,साथ ही जितनी संख्या में बेंच खरीदे गए हैं और किस किस जगह पर इसे स्थापित कराया गया है तो इसमें भी बड़ी गड़बड़ी सामने आ जाएगी,इनमें से खरीदी किए गए कई बेंच मौके से गायब कर दिए गए हैं।वर्तमान में कचड़ा सेंटर में रखे गए दर्जनों स्टील व लोहे के बेंच पड़े रहकर कबाड़ में बदलने लगे हैं।यदि इन्हें निकाय क्षेत्र में लगा दिया जाता तो इसका लाभ निकाय वासियों को मिल सकता था।

■ काफी संख्या में बेंच मौके से हुए गायब



एसएलआरएम सेंटर में पड़े चेयर।

#### पार्षद निधि का किया गया दुरुपयोग

बताया गया कि पार्षदगण राज्य शासन से मिलने वाले सालाना निधि का उपयोग अधिकांश खरीदी कार्य में करते हैं, इस मामले में शासन की स्पष्ट गाइड लाइन निर्धारित है लेकिन सीएमओ और अध्यक्ष से मिलीभगत कर अनुशंसा के जरिए खरीदी कार्य का भुगतान नियम विरुद्ध तरीके से कर दिया गया है।

### सीआईएल के गैर कार्यकारी कर्मचारियों को मिलेगा 12 से 20 हजार रुपए तक सेटलमेंट इन एलाउंस

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने लाखों गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के हित में एक अहम कदम उठाया है,कंपनी प्रबंधन ने सेटलमेंट इन एलाउंस से जुड़ा नया आदेश जारी करते हुए कर्मचारियों को राहत दी है,इस फैसले से देशभर में कार्यरत लाखों कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, गौरतलब है कि सीआईएल आईएस के निदेशक मंडल ने 31 जुलाई 2025 को आयोजित 481 वीं बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

इसके बाद कंपनी ने औपचारिक आदेश जारी कर दिया है,आदेश के मुताबिक यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है,नए आदेश के अनुसार गैर कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों को उनके अवकाश के समय 12 हजार रुपए से लेकर 20 हजार रुपए प्रति व्यक्ति तक का सेटलमेंट इन एलाउंस दिया जाएगा,यह राशि कर्मचारियों की श्रेणी और स्थिति के अनुसार तय होगी,आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो गैर कार्यकारी कर्मचारी कंपनी के क्वार्टर या लीज्ड आवास में रहते हैं,उन्हें इस लाभ के लिए विशेष शर्तें पूरी करनी होंगी, ऐसे कर्मचारियों को लाभ पाने के लिए पहले कंपनी क्वार्टर खाली करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।प्रमाण पत्र जमा करने के बाद ही वे उच्च लाभ के पात्र माने जाएंगे।कर्मचारी संगठन भी इसे एक सकारात्मक निर्णय मान रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से सेटलमेंट इन एलाउंस को लेकर मांगें उठ रही थीं,अब कंपनी ने आदेश जारी कर कर्मचारियों को राहत पहुंचाई है।

### जिला क्रिकेट टीम की चयन तिथियां घोषित, 24 से ट्रायल

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंडर-14 का 24 अगस्त, अंडर-16 का 14 सितंबर ट्रायल होंगे, जिसमें क्रमशः 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 और 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच जन्मे खिलाड़ी शामिल होंगे। अंडर-19 का ट्रायल 31 अगस्त को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 1 सितंबर 2007 से पूर्व जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। अंडर-23 और सीनियर ट्रायल 7 सितंबर को होंगे, अंडर-23 के लिए कट-ऑफ डेट 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच है। खिलाड़ियों को छह साल की मार्कशीट, डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधार कार्ड, जिले का मूल निवास प्रमाणपत्र और हाल की पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो अनिवार्य रूप से साथ लाना है। खिलाड़ियों को सफेद ड्रेस में उपस्थित होना है। यदि खिलाड़ी या उसके अभिभावक सरकारी नौकरी में हैं, तो जिले में कम से कम छह माह का कार्यकाल होना जरूरी है। खास बात यह है कि ट्रायल के बाद चयनित सभी बच्चों का विशेष कैंप लगाया जाएगा, जिसमें चयनित खिलाड़ियों के बीच आपसी मैच कराए जाएंगे। इन मैचों और कोचिंग स्टाफ के मूल्यांकन के आधार पर 15 प्रतिभाशाली बच्चों का अंतिम चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी सरगुजा जिले की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस ट्रायल में संजय सिंह एवं विवेक सिंह चयनकर्ता होंगे। संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने बताया कि फिटनेस अब खिलाड़ियों के लिए विकल्प नहीं, बल्कि सफलता के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। नियमित फिटनेस कैंप और निष्पक्ष चयन से सरगुजा जिला क्रिकेट को नई प्रतिभाएं मिलेंगी।

## खदानों में कार्यरत खनन पर्यवेक्षकों को प्रभार भत्ता देने की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के खदानों में कार्यरत खनन पर्यवेक्षकों के हितों को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ, एटक ने बड़ा मुद्दा उठाया है,संघ के केंद्रीय महासचिव अजय विश्वकर्मा ने ए स ई सी ए ल सीएमडी को पत्र लिखकर मांग की है कि खनन पर्यवेक्षकों को शीघ्र प्रभार भत्ता प्रदान किया जाए, श्री विश्वकर्मा ने पत्र में उल्लेख किया है कि कुछ माह पूर्व एसईसीएल मुख्यालय ने खनन पर्यवेक्षकों को प्रभार भत्ता देने का आदेश जारी किया था, लेकिन बाद में अचानक उसे निरस्त कर दिया गया,इस फैसले से हजारों खनन पर्यवेक्षक बेहद निराश और हताश हैं।

■ एटक श्रमिक यूनियन ने एसईसीएल सीएमडी को लिखा पत्र, पत्र में ईसीएल कम्पनी द्वारा पर्यवेक्षकों के सम्बन्ध में जारी आदेश का किया गया जिक्र

एटक के केंद्रीय महासचिव अजय कुमार विश्वकर्मा और अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रबंधन को लिखे पत्र में स्पष्ट किया है कि ईसीएल कम्पनी ने हाल ही में अपने सभी खनन पर्यवेक्षकों को प्रभार भत्ता देने का आदेश जारी किया है। ईसीएल कार्यालय 19 अगस्त 2025 के जारी आदेश के अनुसार सभी उत्पादक खदानों और इकाइयों के पर्यवेक्षकों को प्रतिदिन 1 घंटे का प्रभार भत्ता देने की व्यवस्था की गई है,पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि ईसीएल को वर्ष 2025-26 में 59 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला है , ज ब कि एसईसीएल को 212 मिलियन टन का विशाल लक्ष्य हासिल करना है, ऐसे में खनन पर्यवेक्षकों की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि यही फ्रंटलाइन पर रहकर उत्पादन और सुरक्षा दोनों की जिम्मेदारी संभालते हैं, श्रमिक संघ का तर्क है कि यदि इन पर्यवेक्षकों को प्रभार भत्ता दिया जाएगा तो इससे उनकी कार्यक्षमता और उत्साह दोनों में वृद्धि होगी और उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी। महासचिव अजय विश्वकर्मा ने कहा कि यह मुद्दा केवल भत्ते का नहीं,बल्कि मेहनतकश पर्यवेक्षकों के सम्मान और अधिकारों का मामला है,शीर्ष प्रबंधन को इस मुद्दे पर अतिशीघ्र ठोस पहल शुरू करनी चाहिए।

### अवैध रेत परिवहन करने पर 5 ट्रैक्टर जब्त

**बलरामपुर।** जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अनुभाग कुसमी अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी करूण डहरिया के मार्गदर्शन एवं कुसमी तहसीलदार सुश्री रॉकी एक्का के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। ग्राम कोरंधा के बेन गंगा नदी से 5 ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। जिसे तहसीलदार की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए जब्त किया है।



# पंजाबी फिल्म में हीरो बनकर आएंगे राज कुंद्रा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा की पहली पंजाबी फिल्म 'मेहर' के ट्रेलर को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लिखा कि वह कई साल से उनके हीरो हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'मेहर' की शानदार झलक शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'वाह, पंजाबी फिल्मों को एक नया हीरो मिल गया है, लेकिन वो कई साल से मेरे हीरो रहे हैं। फिल्मों में आपका स्वागत है राज कुंद्रा आपको और मेहर की पूरी टीम को अपार सफलता की शुभकामनाएं।' इसके साथ ही शिल्पा ने फिल्म के निर्देशक राकेश मेहता, निर्माता और गीता बसरा को भी शुभकामनाएं दीं।

लाइफ Style



# सुरवीन

## अचानक दो ड्रैकुला दांत निकल आए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुरवीन चावला इन दिनों अपनी सुपरनैचुरल वेब सीरीज अंधेरा को लेकर चर्चा में बनी हुई है। यह एक हॉरर सीरीज है। इस सीरीज के प्रमोशन के दौरान सुरवीन ने एक डरावनी घटना के बारे में बताया। सुरवीन चावला ने अपनी नई वेब सीरीज अंधेरा के प्रमोशन के दौरान एक डरावनी घटना का जिक्र किया।

यह सुपरनैचुरल हॉरर शो 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ है। दरअसल, कुछ महीने पहले वह अपने परिवार के साथ बाली गई थीं। जहां उन्होंने इंडोनेशिया के बाली शहर के अपने डरावने अनुभव के बारे में एक दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बताया। सुरवीन ने बताया कि एक शाम सुरवीन ने देखा कि बाली के लोग पारंपरिक कपड़ों में पूजा कर रहे थे। उनके जीजा ने उस दौरान दो बाली लड़कियों की तस्वीर खींची।

अगले दिन से अजीब घटनाएं शुरू हो गईं। उनकी ताईजी तालाब में गिर गईं, किसी की कोहनी में चोट लगी, उनकी छह साल की भतीजी को गंभीर एलर्जी हुई और एक भतीजे की हालत इतनी खराब हो गई कि डॉक्टर को बुलाना पड़ा। सबसे डरावनी बात तब हुई जब आखिरी रात को उनके जीजा ने अपने फोन में तस्वीरें देखीं। उन दो बाली लड़कियों की तस्वीर में अचानक ड्रैकुला जैसे दांत नजर आए। सुरवीन ने कहा कि अगर ये दांत पहले दिखे होते, तो उनके जीजा वह तस्वीर नहीं लेते। यह देखकर सब हैरान रह गए कि तस्वीर में अचानक ऐसे दांत कैसे आ गए, जबकि लड़कियां पारंपरिक कपड़ों में बहुत सुंदर लग रही थीं। सुरवीन चावला की वेब सीरीज 'अंधेरा' प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

## हॉलीवुड मसाला




# बिस्तर पर न टीवी देखते न किताब पढ़ते

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा के साथ अपने सोने के समय की आदतों के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि वे बिस्तर पर टीवी नहीं देखते। प्रियंका जब बिस्तर पर टीवी देखती हैं, तो निक उनके बगल में कुर्सी पर बैठते हैं। निक का मानना है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होता है। निक जोनस ने कहा, 'मुझे लगता है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होते हैं। मैं बिस्तर पर नहीं बैठता, मैं बिस्तर पर नहीं खाता, मैं बिस्तर पर किताब नहीं पढ़ता या टीवी नहीं देखता। मैं ऐसा नहीं कर सकता। मुझे बस गर्मी पसंद नहीं है। मुझे गर्मी लगती है। यह पूरी बात है।'



# सांवले हुस्न से दुनिया को बनाया दीवाना

**लॉस एंजिल्स।** 'जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइज' की फिल्म 'डाई अनदर डे' में अपने सांवले हुस्न से दुनिया को दीवाना बना देने वाली हैल बेरी आपको याद होंगी। हैली 59 साल की हो गई हैं। अमेरिकी एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। बॉन्ड की फिल्मों में बिकिनी पहन पानी से बाहर आकर दिल धड़काने वाली हैल की अदाएं यहां भी मदहोश करने वाली हैं। तस्वीरों में समंदर है, नीला आसमान है, बिकिनी में हैल हैं और साथ हैं उनके बॉयफ्रेंड वैन हंट। इन तस्वीरों को देख फैंस कह रहे हैं कि लाइफ हो तो हैली बेरी जैसी हो। उम्र ने तो जैसे उनपर असर करना ही बंद कर दिया है। फैंस की नजरों में हैली की यह तस्वीर सबसे शानदार है। अपने पैरों से वाइन ग्लास पकड़ने की उनकी असाधारण क्षमता से बहुतों को जलन हो रही है।



# सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज के दो पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** गुरुवार को निर्माताओं ने आगामी फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' का पहला लुक जारी कर फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। पहले लुक में ऋतिक रोशन की कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद और आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान नजर आ रही हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली प्लेबैक सिंगर पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने सबा आजाद और सोनी राजदान की म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' का एक मोशन वीडियो शेयर किया है। 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' का निर्देशन दानिश रेंजू ने किया है। शफत काजी और दानिश रेंजू ने मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद के अलावा जैन खान दुर्रानी, शीबा चड्ढा, तारुक रैना और लिलेट दुबे भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# 30 बाद रजनीकांत के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** वेटरेन एक्टर मिथुन चक्रवर्ती 75 साल की उम्र में भी फिल्मों में लगातार सक्रिय हैं। वो जल्द ही विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म द बंगाल फाइल्स में नजर आएंगे। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती की पाइपलाइन में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 भी है। इसको लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। रजनीकांत और मिथुन चक्रवर्ती लगभग 30 साल बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों इससे पहले आखिरी बार साल 1995 में आई बंगाली भाषा की फिल्म भाग्य देवता में नजर आए थे। इस फिल्म में रजनीकांत का स्पेशल अपीयरेंस था और यह उनकी एकमात्र बंगाली फिल्म भी है। इससे पहले मिथुन और रजनीकांत साल 1989 में आई हिंदी फिल्म भ्रष्टाचार में एकसाथ दिखाई दिए थे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस का घर बनेगा अखाड़ा, शो में एंट्री लेगा ये इंटरनेशनल खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 का हिस्सा कौन बनेगा, इसकी उत्सुकता लंबे समय से ही दर्शकों के बीच बनी हुई है। टेलीविजन के बड़े सितारों का नाम सामने आ रहा है जो सलमान के शो में महीनों के लिए कैद हो सकते हैं। अब इस लिस्ट में एक नया नाम जुड़ गया है जिससे स्पोर्ट्स के दीवाने जरूर परिचित होंगे। इस बार मशहूर बॉक्सर माइक टायसन बिग बॉस का हिस्सा होने वाले हैं। इंस्टाग्राम पेज बिग बॉस ताजा के मुताबिक, माइक टायसन बिग बॉस में नजर आएंगे। हालांकि, वह सिर्फ गेस्ट बनकर आ रहे हैं। वह शो में सिर्फ 7 से 10 दिन तक रहेंगे। फिलहाल, अभी तक माइक टायसन को लेकर मेकर्स ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। माइक टायसन फेमस अमेरिकन बॉक्सर हैं। उन्हें आयरन माइक और किड डायनामाइट के नाम से जाना गया। वह अपने समय के सबसे महान हैवीवेट चैंपियन के रूप में एक माने गए। बिग बॉस का 19वां सीजन 24 अगस्त को टीवी पर प्रीमियर होने वाला है। शो में टीवी के कई बड़े सितारे शामिल होने वाले हैं। हालांकि, अभी तक शो में किसी के नाम को कन्फर्म नहीं किया गया है।

## कीकू - कृष्णा के बीच एक्ट को लेकर हुआ बवाल

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा शो के सेट्स से एक वीडियो वायरल हुआ जिसे देखकर लोग थोड़े शॉक्ड हैं। इसमें कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा बहस करते दिख रहे हैं। उन दोनों को संभालने के लिए क्रू के लोग भी मौजूद हैं। क्लिप देखकर लग रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई है। हालांकि, कई लोग मान रहे हैं कि ये असली लड़ाई नहीं, बल्कि प्रैंक है। वीडियो की शुरुआत में सुनाई देता है कि कीकू शारदा बोले, मैं टाइमपास रहा हूं? कृष्णा बोलते हैं, तो ठीक है फिर आप कर लो। कृष्णा हाथ जोड़कर बोलते हैं, भाई मेरे को कोई प्रॉब्लम नहीं है, आप कर लो। मैं जाता हूं। कीकू शारदा बोलते हैं, बात वो नहीं है, अगर मेरे को बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं ना फिर। कृष्णा बोलते हैं, भाई आई लव यू ऐंड रिस्पेक्ट यू। मैं अपनी आवाज ऊंची नहीं करना चाहता। इस पर कीकू शारदा बोलते हैं, गलत आदमी को अलग तरीके से डील किया गया। वीडियो को देखकर कई लोग शॉक्ड हैं। वहीं, कुछ को लोगों को लग रहा है कि यह प्रैंक है। क्लिप पर कपिल या उनकी टीम की तरफ से कोई कमेंट नहीं आया है।



# आज थिएटर में आएगा भूचाल और ओटीटी पर होगा धमाल

**नई दिल्ली।** शुक्रवार का दिन जहां मेकर्स और एक्टर्स के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होता, तो वहीं सप्ताह का ये एक दिन ऐसा होता है, जिसके इंतजार में फैंस पलके बिछाए रहते हैं और लगातार अपडेट का इंतजार करते हैं। अब तक वॉर 2 से लेकर कूली और ओटीटी-थिएटर में रिलीज होने वाली सीरीज और फिल्मों की अपडेट हम आप तक पहुंचाते रहे हैं। 22 अगस्त को तो थिएटर और ओटीटी दोनों पर कौन-कौन सी फिल्में-सीरीज रिलीज होंगी चलिए देखते हैं

**अमार बोस** : ओटीटी की सबसे बड़ी खासियत ये है कि आपको यहां पर हर भाषा की फिल्में और सीरीज देखने को मिलेंगी। इन्हीं में से एक है बंगाली फिल्म 'अमार बोस'। ये एक 40 साल की घर की ओनर अनिमेष की कहानी है, जिसे तब चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जब उसकी मां हार्ट सर्जरी के बाद उसके ऑफिस में इंटर्न का काम करने आती है। फिल्म में करण अर्जुन एक्ट्रेस राखी गुलजार मुख्य भूमिका में हैं। इस फैमिली ड्रामा को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं।

**एनी मीनी** : मनी हाइस्ट के बाद एक बार फिर से हाइस्ट की कहानी लेकर एनी मीनी आ रहे हैं। इस सीरीज में एनी को अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड को बचाने के लिए अपने पास्ट में लौटना पड़ता है। इस हाइस्ट थ्रिलर फिल्म में समारा वीविंग ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसका निर्देशन शॉन सिमंस ने किया है। इस हॉलीवुड फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**मां** : काजोल थिएटर के साथ-साथ ओटीटी क्वीन भी बन चुकी हैं। उनकी 27 जून को रिलीज हुई सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म मां अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया है, जोकि 22 अगस्त है।

**मारीसन** : मारीसन एक ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो ओरिजिनली तमिल भाषा में बनी हुई है। फिल्म में फहाद फासिल और वाडिवेलु ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की कहानी अल्जाइमर रोग से पीड़ति एक बूढ़े आदमी की है, जिसकी एक लड़के से दोस्ती हो जाती है और दोनी रोड़ ट्रिप पर निकल जाते हैं। तमिल भाषा में बनी इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**द केस डायरी** : बॉलीवुड में भले ही इस हफ्ते कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है, लेकिन साउथ में मनोरंजन का सिलसिला इस हफ्ते भी नहीं रुकने वाला है। 22 अगस्त को थिएटर में मलयालम फिल्म द केस डायरी रिलीज हो रही है, जिसकी कहानी पुलिस अधीक्षक के गोद लिए बेटे सैम कोशी की है, जो एक डाकुओं के ग्रुप को पकड़ने के मिशन पर निकलता है।



# एक-दूसरे को अपने जाल में फंसाने में लगे नील-दिव्या

**मुंबई।** नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला की फिल्म एक चतुर नार का टीजर गुरुवार को रिलीज हो गया है। टीजर में नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला का अलग अंदाज देखने को मिला है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज ने किया है। एक चतुर नार 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर की शुरुआत एक मजेदार वॉइस ओवर से होती है। पूरे टीजर में वॉइस ओवर ही सुनाई देता है और दिखाई देता है नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला के बीच जारी शह-मात का खेल। वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'शहर की भीड़ में हर कोई लगता है कॉमन, पर हुजूर किसी की होती है जलेबी जैसी चाल, किसी के पास होता है चूना लगाने का कमाल, इरादे अगर नवाबी हो तो किसकी क्या मजाल, ये खेल ही ऐसा है बाबू, जिसमें बेगम और बादशाह दोनों हैं किस्मत के गुलाम। देखना ये है चतुर कौन है, शिकारी नेवला या नागिन मचाएगी बवाल।' इस टीजर को साझा करते हुए टी-सीरीज ने लिखा, 'नागिन का बवाल या नेवले का शिकार... इनमें चतुर है कौन?' जबकि दिव्या खोसला ने टीजर को शेयर करने के साथ ही लिखा, "ना चाल सीधी और ना इरादे आम, एक चतुर नार टीजर आउट नाऊ। 2 टीजर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या और नील अपनी-अपनी चाल से एक-दूसरे को फंसाते और मात देने का प्रयास करते नजर आएंगे।

## संगीत की विधिवत शिक्षा भले नहीं मिली, मगर हुनर के बलबूते मिली सबसे अधिक फीस

# एक फिल्म के बाद ओपी नैयर ने कभी नहीं किया लता मंगेशकर के साथ काम

*नई दिल्ली। सिनेमा के पुराने दौर में कई ऐसे सिंगर और म्यूजिक कंपोजर आएं जिनके गाने आज भी कहीं बजे तो कानों को सुकून ही देते हैं। इन्हीं में से एक नाम है इंडस्ट्री के हाइएस्ट पेड संगीतकार ओमकार प्रसाद नैयर जिन्हें इंडस्ट्री में ओ.पी. नैयर के नाम से जाना जाता है। वह संगीतकार जिसे भले ही संगीत की विधिवत शिक्षा नहीं मिली, मगर एक समय अपने हुनर के बलबूते सबसे अधिक फीस मिली। हर धुन में एक खास किस्म का स्वर देने वाले ओ.पी. नैयर के गीत तो कई सुने गए हैं, मगर उनसे जुड़े कुछ किस्से आज भी अनकहे हैं।*

### 17 साल की कम उम्र में म्यूजिक की दुनिया में रखा था

ओंकार प्रसाद नैयर, जिन्हें ओ.पी. नैयर के नाम से जाना गया, एक ऐसे संगीतकार रहे, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत की विधिवत शिक्षा नहीं प्राप्त की थी, लेकिन जब वो किसी गीत के लिए संगीत तैयार करते थे तो उसमें रागों का उपयोग इतनी खूबसूरती से करते थे कि पारखियों को इस बात का अनुमान नहीं होता था कि उन्होंने रागों की व्यवस्थित शिक्षा ग्रहण नहीं की। अविभाजित भारत के लाहौर में जन्मे नैयर की बचपन से ही संगीत में रुचि थी। उनके परिवार के लोग उनको संगीत की तरफ जाने से रोकते रहे। उनको लगता था कि अगर वे संगीत से दूर हो गए तो पढ़ाई में मन लगेगा। पर नैयर का मन तो संगीत में रम चुका था। 17 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एचएमवी के लिए कबीर वाणी कंपोज की थी, लेकिन वो पसंद नहीं की गई। बावजूद इसके उन्होंने एक प्राइवेट एल्बम 'प्रीतम आन मिलो' कंपोज किया, जिसमें सी. एच. आत्मा ने आवाज दी।





### लाहौर में सब छोड़ कर पटियाला आना पड़ा

इस एल्बम ने नैयर को संगीत और सिनेमा जगत में एक पहचान दी। नैयर खुश हो रहे थे कि उनका सपना पूरा होने वाला है मगर नियति को कुछ और ही मंजूर था। देश का विभाजन हो गया। उनको लाहौर में सब छोड़-छाड़कर पटियाला आना पड़ा। पटियाला में वो संगीत शिक्षक बनकर जीवन-यापन करने लगे। पर मन तो फिल्मों में संगीत देने का था। अब नैयर बांबे (अब मुंबई) पहुंचते हैं। लंबे संघर्ष और जानकारों की सिफारिश के बाद उनको फिल्म संगीत में हाथ आजमाने का अवसर मिला।

### आसमान ने सफलता का क्षितिज खोला

1952 में आई फिल्म आसमान ने नैयर के लिए सफलता का क्षितिज तो खोला पर उनके और लता मंगेशकर के बीच दरार भी पैदा कर दी। दोनों ने फिर कभी साथ काम नहीं किया। ये वो समय था जब लता मंगेशकर फिल्म अनारकली, नागिन और बैजू बावरा जैसी फिल्मों के गाने गाकर प्रसिद्धि की राह पर चल पड़ी थीं। नैयर ने लता से अपनी फिल्म आसमान में गाने का अनुबंध किया था।

### नैयर-लता के बीच दरार

जब रिकार्डिंग का समय हुआ तो लता मंगेशकर नदारद। वो तय समय पर नहीं पहुंचीं। बाद में लता ने नैयर को बताया कि उनकी नाक में कुछ दिक्कत थी। डॉक्टर ने उनको आराम करने की सलाह दी थी। तब नैयर ने उनसे दो टूक कहा कि जो समय पर नहीं पहुंच सकता, उसका मेरे लिए कोई महत्व नहीं। लता ने समझाने का प्रयत्न किया पर नैयर नहीं माने। तब लता ने भी कहा कि जो व्यक्ति संवेदनहीन हो, वो उसके लिए नहीं गा सकतीं। इस विवाद के बाद राजकुमारी ने वो गाना गाया। गीत था, 'मोरी निंदिया चुराए गयो'।

***जिंदगी चलाने के लिए बेचना पड़ा घर*** : *ओ. पी. नैयर ऐसे संगीतकार थे, जिन्होंने हारमोनियम, सितार, गिटार, बांसुरी, तबला, ढोलक, संतूर, माउथआर्गन और सेक्सोफोन आदि का जमकर उपयोग किया। इन वाद्ययंत्रों के साथ जब वो प्रयोग करते थे तो गीत के एक-एक शब्द का ध्यान रखते थे। ये बहुत कम लोगों को पता है कि नैयर होम्योपैथ और ज्योतिष के भी अच्छे जानकार थे। एक समय में सबसे अधिक फीस लेने वाले संगीतकार को बाद में जिंदगी चलाने के लिए अपना घर तक बेचना पड़ा था।*

### ये फिल्म लेकर आई थी आशा-ओपी नैयर को करीब

नया दौर में आशा और रफी के गानों ने लोकप्रियता का शिखर छुआ। रफी के साथ उनका गीत उड़ें जब-जब जुल्फें तेरी, कवांरियों का दिल मचले या शमशाद बेगम के साथ रेशमी सलवार कुर्ता जाली का जैसे लोगों की जुबान पर चढ़ गए। जैसे-जैसे आशा और नैयर की नजदीकियां बढ़ीं, गीता और शमशाद की उपेक्षा आरंभ हो गई। नैयर भूल गए कि शमशाद बेगम ने कठिन समय में उनकी मदद की थी और गीता दत्त ने उनको गुरुदत्त से मिलवाया था।



## खबर संक्षेप

### 13 सितम्बर को होगा नेशनल लोक अदालत

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर को जिले सहित पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इनमें जलकर, संपत्ति कर, टेलीफोन बिल, विद्युत बिल, न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण संबंधी मामले और राजस्व न्यायालय के प्रकरण शामिल रहेंगे। आयोजन से लोगों को न्यायालयीन प्रक्रिया से बाहर निकलकर त्वरित, सुलभ एवं सस्ती न्याय प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से विवाद का निपटारा होने से समय और धन दोनों की बचत होगी।

### शराब बिक्री करते युवक को जोबी पुलिस ने दबोचा

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिलेभर में अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल चौकी जोबी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर के नेतृत्व में ग्राम खड़गांव में छापेमारी की गई। चौकी प्रभारी को सूचना मिली थी कि गांव का बलदेव सिंह राठिया अपने घर के बाहर बरामदे में अवैध शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की, इस दौरान शराब पीने वाले लोग पुलिस को देखकर मौके से भाग खड़े हुए। वहीं आरोपी बलदेव सिंह राठिया पिता जेठूराम उम्र 43 वर्ष निवासी खड़गांव को मौके पर शराब बेचते रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ मट्ठी महुआ शराब, 250 एमएल की क्षमता वाले 2 नग स्टील गिलास जिनमें शराब की गंध थी, 2 बोरी में भरा महुआ लहान तथा बिक्री की रकम 90 रुपए बरामद की गई।

### शिक्षकों की कमी को लेकर छात्र छात्राओं ने स्कूल में जड़ा ताला

**मालखरौदा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालखरौदा के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। उन्होंने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और सभी सड़क पर बैठ गए। खबर मिलते ही पुलिस व प्रशासन के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों को समझाइश दी और शीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ। गौरतलब है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मालखरौदा में 2022 से हिंदी माध्यम में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। यहां हिंदी मध्यम स्कूल के यू डाइस कोड में अंग्रेजी माध्यम का संचालन किया जा रहा है। इस बीच हिंदी मध्यम स्कूल में शिक्षकों कीव्यवस्था किये जाने की मांग लगातार हो रही है। इसी मांग को लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को पिछले दिनों ज्ञापन सौपा गया था, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में बुधवार 20 अगस्त को सुबह 7 बजे से ही स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गेट पर ताला लगाकर स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# जशपुर की बेटी सरस्वती सोरेन ने छुआ सुरों का आकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज नहीं होती। जशपुर जिले के झोलंगा गांव की नन्हीं सरस्वती नायक इसका जीवंत उदाहरण है।दिव्यांग होने के बावजूद सरस्वती ने अपने हौसले और लगन से नागपुरी संगीत की दुनिया में एक खास पहचान बनाई है।कम उम्र में ही उसकी मधुर आवाज और गहन साधना ने लोगों का दिल जीत लिया है। सरस्वती की यह संघर्षभरी यात्रा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक पहुंची।

उनकी प्रतिभा और जज्बे से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री ने सरस्वती को प्रोत्साहन स्वरूप 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इस संवेदनशील पहल से नन्हीं कलाकार और उसका परिवार गद्गद हो उठा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरस्वती जैसी प्रतिभाएं समाज के लिए प्रेरणा हैं। हमें गर्व है कि जशपुर की धरती से ऐसी सुरों की साधिका आगे बढ़ रही है। सरकार उसकी हर संभव मदद के लिए तैयार है।सहायता राशि प्राप्त कर सरस्वती और उसके परिजनों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह सहयोग उसके सपनों को नई उड़ान देगा। जशपुर की बेटी सरस्वती सोरेन ने दिल्ली के नेशनल बाल भवन के मंच में दे चुकी है प्रस्तुति जिले की तहसील जशपुर अंतर्गत झोलांगा पोस्ट लोखंडी की 19 वर्षीय सरस्वती सोरेन आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गई हैं। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने अपने हौसले और प्रतिभा से नागपुरी संगीत में एक अलग पहचान बनाई है।सरस्वती ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई रायपुर के दिव्यांग स्कूल में की।

### प्रोत्साहन राशि पाकर परिजन ने सीएम का जताया आभार



सरस्वती सोरेन को प्रोत्साहन राशि देते अधिकारी।

### बीमारी ने रोकी शिक्षा की राह

सातवीं कक्षा तक पढ़ाई के दौरान एक बीमारी ने उनकी शिक्षा की राह रोक दी, लेकिन गाने का शौक और प्रतिभा उनके अंदर और प्रखर होती गई। इसी दौरान स्कूल स्तर पर हुए गायन प्रतियोगिताओं में उन्होंने अपनी कला का लोहा मनवाया। बचपन से ही संगीत साधना में लीन सरस्वती ने मंच पर कई प्रस्तुतियां दीं। वह दिल्ली के नेशनल बाल भवन जैसे प्रतिष्ठित मंच पर भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं, जहां उनकी आवाज़ ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया संगीत साधना को आगे बढ़ाने में सहारा बनेगा। जशपुर की यह होनहार बेटी आज पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की विषय है।

### सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर

## बाबूसाजबहार से गोलीडीह नदी तक तय मानक के अनुरूप हो रहा है कार्य

**जशपुरनगर।** जिले में नागरिकों की सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु अधोसंरचना को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करना है, जिससे आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिले। इसी क्रम में 3.82 करोड़ रुपये की लागत की बाबूसाजबहार से गोलीडीह नदी तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि यह सड़क अपने निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाई जा रही है। वर्तमान में हार्ड शोल्डर के नीचे प्राक्कलन अनुसार सलेक्टेड मिट्टी डाली जा रही है, जो 5 प्रतिशत सीबीआर के मानक के अनुसार है।

### नगर पालिका ने बनाई योजना, स्वीकृति मिलते ही शुरू होगा निर्माण कार्य

# जशपुर में महिलाओं को मिलेगी राहत तीन स्थानों पर बनेंगे 'पिंक टॉयलेट'

शहर में लंबे समय से महिलाएं सार्वजनिक शौचालयों की कमी से जूझ रही थीं। बाजार, कार्यालय या अस्पताल आने-जाने पर उन्हें कई बार असुविधाजनक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विशेषकर दूरदराज़ के गांवों से आने वाली महिलाएं इस बुनियादी सुविधा के अभाव में असहज महसूस करती थीं। अब नगर पालिका परिषद ने इस गंभीर समस्या को दूर करने की दिशा में ठोस पहल की है।नगरपालिका ने शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर 'पिंक टॉयलेट'बनाने का निर्णय लिया है। यह टॉयलेट केवल महिलाओं के उपयोग के लिए आरक्षित होंगे और इनका उपयोग पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा।

- **महिलाओं की सुविधा के लिए बड़ा कदम, उपयोग रहेगा पूरी तरह नि:शुल्क**

**इन क्षेत्रों में हो सकता है निर्माण**–हालांकि स्थानों की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार बस स्टैंड, जिला अस्पताल परिसर और मुख्य बाजार क्षेत्र को प्राथमिकता दी जा रही है। इन स्थानों पर महिलाओं की सबसे अधिक आवाजाही रहती है।



#### स्वच्छ भारत मिशन और महिला सशक्तिकरण को मिलेगी मजबूती

यह योजना केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन और महिला सशक्तिकरण अभियान की भावना के के अनुरूप स्वच्छता और सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

#### प्रस्ताव किया गया तैयार

जशपुर नगरपालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय ने बताया कि, शहर में महिलाओं की सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट का प्रस्ताव तैयार किया गया है। पहले चरण में तीन स्थानों की पहचान कर ली गई है जहां महिला आवागमन सर्वाधिक रहता है। जैसे ही प्रस्ताव को स्वीकृति मिलती है, निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि टॉयलेट का निर्माण इस तरह से किया जाएगा कि स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा के सभी मानकों का पालन हो सके। टॉयलेट के बाहर साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे महिलाएं बिना किसी संकोच के इनका उपयोग कर सकें।

# अधीक्षण अभियंता ने महतारी सदन निर्माण के कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा संभाग के अधीक्षण अभियंता जीएन सिंह तंवर ने गुरुवार को जशपुर जिले में निर्माणाधीन महतारी सदन भवनों का निरीक्षण किया।

- **समय-सीमा में और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश**

इस दौरान उन्होंने बगीचा विकासखंड के रेंगले, पत्थलगांव के बागबहार और फरसाबहार के केरसई में निर्माणाधीन भवनों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महतारी सदन महिलाओं और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र बनने जा रहे हैं, ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। श्री तंवर ने निर्माण स्थल पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त चेतावनी दी कि यदि कार्य में देरी या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और इसके लिए समय पर भवन तैयार होना जरूरी है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राजेश श्रीवास्तव, एसडीओ इंजीनियर तथा संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। अधीक्षण अभियंता ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने और प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।



निरीक्षण करते अधिकारी।



# कुनकुरी में ऑडिटोरियम भवन निर्माण के लिए 6.67 करोड़ रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कुनकुरी में ऑडिटोरियम भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ 67 लाख 63 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



इससे पहले पत्थलगांव में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए और नगर पालिका जशपुर के वार्ड क्रमांक 16 में ऑडिटोरियम निर्माण हेतु 6 करोड़ 76 लाख 55 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। ऑडिटोरियम निर्माण होने से आम लोगों को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सुव्यवस्थित मंच प्राप्त होगा। यहाँ विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे नाटक, संगोष्ठी, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सरकारी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा सकेगा। इससे प्रतिभाओं को अपनी कला और विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में जनसुविधा आधारित अधोसंरचना विकास को नई गति मिल रही है। मुख्यमंत्री की पहल पर किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, महिलाओं और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों को निरंतर स्वीकृति मिल रही है और योजनाएं भी तेजी से क्रियान्वित हो रही है।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती का शुभारंभ

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती का शुभारंभ मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रांजल स्कूल के दिव्यांग बच्चे, अशोका पब्लिक स्कूल के छात्राओं और जशपुर जिले के आदिवासी समुदाय ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। सारंगढ़ के आदिम जाति छात्रावास के बालिकाओं ने रंगोली भी बनाई।

# बगीचा नगर पंचायत में जनभागीदारी से चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले में नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पंचायत बगीचा में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अंतर्गत विशेष पखवाड़े के तहत शुक्रवार को जनभागीदारी से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- **जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ अधिकारी कंधे से कंधा मिला कर दे रहे स्वच्छता का संदेश**

इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने इस अभियान में अपनी भागीदारी दी। सभी ने मिलकर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नगरीय निकाय के अधिकारी और निर्वाचित सदस्यों द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया। जिसमें सभी ने साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रेरित होकर नगरीय निकाय क्षेत्र में विशेष साफ़ सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि यहां विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें खुले क्षेत्रों में कचरा फेंकने की रोकथाम, नालियों की सफाई, और झुग्गी बस्तियों में स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। विशेष अभियान चलाने के साथ-साथ बगीचा शहर के सौंदर्यीकरण हेतु योजना तैयार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा बस स्टैण्ड, झुग्गी-बस्तियों, और बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें रात दिन सफाई और स्वच्छता जागरूकता सत्र शामिल हैं। बगीचा अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप राठिया ने बताया कि इस अभियान में जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों, विश्वविद्यालय और स्वच्छता क्लबों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कचरा संग्रहण, परिवहन, और प्रसंस्करण को नियमित करने पर भी जोर दिया जा रहा है ताकि स्वच्छता स्थायी हो। इस दौरान पार्षद राजकिशोर जायसवाल, अनिमा, तहसीलदार महेश्वर उइके, नायब तहसीलदार सुशील शुक्ला, सदानंद मिश्रा, सीएमओ क्षितिज सिंह, अधिवक्ता शैलेश पाठक, अंजनी सिंह, उमा ठाकुर सहित नगर के व्यवसायी भी इस अभियान में शामिल हुए।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल मेले का रजत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसके तहत कुनकुरी विकासखण्ड के कलिया सेक्टर, केराडीह के ग्राम पंचायत बरडांड एवं फरसाबहार परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में बच्चों के द्वारा एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी के रूप में पालक एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। जिसमें 237 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन**





### सीधी बैठक में उठी मुआवज़ा, पुनर्वास और रोजगार की मांग

# गारे-पेलमा 2, ग्रामीणों और कंपनी के बीच संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के ग्राम ढोलनारा में 19 अगस्त को गारे-पेलमा 2 कोयला खदान परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों और महाजेनको कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच सीधा संवाद हुआ।

इस बैठक का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण, विस्थापन और परियोजना से जुड़े सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर चर्चा करना था। बैठक में ग्रामवासियों ने परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवज़ा, रोजगार और पुनर्वास की मांगें स्पष्ट रूप से रखीं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मुआवज़ा राशि तत्काल प्रदान की जाए। पुनर्वास की व्यवस्था विस्थापन से पहले सुनिश्चित हो। रोजगार में स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार प्राथमिकता दी जाए। विस्थापन की स्थिति में एकमुश्त वित्तीय पैकेज का विकल्प भी दिया जाए। ग्रामीणों ने यह भी जानना चाहा कि मुआवज़ा मिलने के बाद वे कितने समय तक अपनी भूमि पर रह सकेंगे। और कंपनी द्वारा रोजगार कितने वर्षों तक सुनिश्चित रहेगा। इस बैठक में कंपनी अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रशासन (कलेक्टर और एसडीएम) के समन्वय से चल रही है। प्रशासन से आदेश मिलते ही कंपनी मुआवज़ा राशि जमा कर देगी और वितरण प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी।



#### बैठक में लगभग 200 ग्रामीण पहुंचे

बैठक में लगभग 200 ग्रामीणों ने भाग लिया। जिनमें उपसरपंच गुप्ता, पूर्व उपसरपंच संतोष बेहरा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, सरोज बेहरा, सुंदर राठिया, भक्ति राठिया, विनय गुप्ता, फुलेश्वर राठिया, मिंकतन भगत, घुराउ भगत, राठू चौहान (कोटवार), रमेश्वर भगत सहित कई प्रमुख ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बैठक के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आशा जताई कि प्रशासन और कंपनी उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेंगी।

